Question Booklet Series
प्रश्न–पुस्तिका सीरीज़

B

QHD

Question Booklet No. _____

Question Booklet

Examination, June - 2026

GENERAL HINDI

(सामान्य हिंदी)

(To be filled in by the Candidate / निम्न पूर्तियाँ परीक्षार्थी स्वयं भरें)

Scholar No. (in figures)
स्कॉलर संख्या (अंकों में) _____

Scholar No. (in words)
स्कॉलर संख्या (शब्दों में) _____

Examination Center Code
परीक्षा केन्द्र कोड _____

Signature of Invigilator
निरीक्षक के हस्ताक्षर

Time **: 3** Hours] [Maximum Marks **: 100**

समय **: 3** घण्टे] [अधिकतम अंक **: 100**

INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. Do not open the Question Booklet unless you are asked to do so.
2. The Question Booklet contains **100** questions. Examinee is required to answer all questions in the **OMR Answer-Sheet** provided and not in the Question Booklet. Each question carries **1** mark. There is no negative marking.
3. Examine the Question Booklet and the **OMR Answer-Sheet** very carefully before you proceed. Faulty Question Booklet due to missing or duplicate pages/questions or having any other discrepancy should be immediately replaced.

(Remaining instructions on last page)

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. प्रश्न–पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक आपसे कहा न जाये।
2. प्रश्न–पुस्तिका में **100** प्रश्न हैं। परीक्षार्थी को सभी प्रश्नों को केवल दी गई **OMR उत्तर–पत्रक** पर ही हल करना है, प्रश्न–पुस्तिका पर नहीं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है। ऋणात्मक अंक का प्रावधान नहीं है।
3. प्रश्नों के उत्तर अंकित करने से पूर्व प्रश्न–पुस्तिका तथा **OMR उत्तर–पत्रक** को सावधानीपूर्वक देख लें। दोषपूर्ण प्रश्न–पुस्तिका जिसमें कुछ भाग छपने से छूट गए हों या एक से अधिक बार छप गए हों या उसमें किसी अन्य प्रकार की कमी हो, उसे तुरन्त बदल लें।

(शेष निर्देश अन्तिम पृष्ठ पर)

1. जसदेव सिंह का नाम किस खेल की कमेंट्री से जुड़ा है?

(A) खो–खो **(B)** क्रिकेट

(C) हॉकी **(D)** फुटबॉल

2. मीराबाई के काव्य की प्रमुख विशेषता है –

(A) अलंकारिकता **(B)** गीतात्मकता

(C) रूपात्मकता **(D)** कोई नहीं

3. कौनसे विकल्प में शुद्ध शब्द है?

(A) मैथली **(B)** केकयी

(C) अधीन **(D)** कवियत्री

4. निम्न में कौनसा संकलन 'संस्मरण' का है?

(A) रश्मि **(B)** नीरजा

(C) अनामिका **(D)** पथ के साथी

5. ''शंखों के टुकड़े'' काव्य संग्रह के रचनाकार हैं –

(A) दुष्यंत कुमार **(B)** सत्यप्रकाश जोशी

(C) ताराप्रकाश जोशी **(D)** नागार्जुन

6. प्रस्तुत ''आत्मकथा के अंश'' किस महापुरुष की है?

(A) विवेकानंद **(B)** महात्मा गाँधी

(C) दयानंद **(D)** राजेन्द्र प्रसाद

7. ''संगीत'' शब्द में कौनसा उपसर्ग है?

(A) संग **(B)** सम्

(C) सन् **(D)** संगी

8. 'सरस्वती पत्रिका' के संपादक के रूप में प्रसिद्ध हैं –

(A) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी **(B)** आचार्य रामचंद्र शुक्ल

(C) प्रेमचंद **(D)** भारतेन्दु

9. ''शिव'' का पर्यायवाची शब्द है –

(A) नीलकंठ **(B)** मोर

(C) मर्कट **(D)** शशि

10. ''विश्वासघाती होना'' अर्थ को बताने वाला मुहावरा है –

(A) पहाड़ टूटना **(B)** आस्तीन का साँप होना

(C) अपने मुँह मियाँ मिट्ठू होना **(D)** लोहा लेना

11. 'हिंदी साहित्य का आदिकाल' पुस्तक के रचयिता हैं –

(A) आचार्य रामचंद्र शुक्ल **(B)** डॉ. श्याम सुंदर

(C) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी **(D)** डॉ. रामकुमार वर्मा

12. कौनसा विकल्प ''किरण'' का पर्यायवाची नहीं है?

(A) रश्मि **(B)** मयूख

(C) मयूर **(D)** कर

13. ''दुलहनी गावहुँ मंगलाचार'' पद में किस भाव की अभिव्यक्ति हुई है?

(A) दाम्पत्य भाव **(B)** सहज भाव

(C) निर्गुण भाव **(D)** साधनावस्था

14. हिंदी भाषा का प्रथम महाकाव्य है –

(A) हम्मीर रासो **(B)** पृथ्वीराज रासो

(C) परमाल रासो **(D)** चंदायन

15. किस संत कवि की रचनाओं में ''हठयोग'' का समन्वय है?

(A) कबीरदास **(B)** सूरदास

(C) रहीमदास **(D)** तुलसीदास

16. ''भाषा योग वशिष्ठ'' किसकी रचना है?

(A) रामप्रसाद निरंजनी **(B)** दौलत राय

(C) शिव प्रसाद **(D)** कबीर

17. ''कम बोलने वाला'' शब्दों के लिए एक शब्द है –

(A) विद्वान **(B)** मितभाषी

(C) मितव्ययी **(D)** निर्वाक

18. निम्नलिखित में से तद्भव शब्द है –

(A) अक्षि **(B)** अंधकार

(C) चंद्र **(D)** उजला

19. किस अपभ्रंश से हिंदी का विकास हुआ है?

(A) अर्द्धमागधी **(B)** पाली

(C) प्राकृत **(D)** शौरसेनी

20. सरदार पूर्ण सिंह किस काल के निबंधकार हैं?

(A) भारतेन्दु युग **(B)** द्विवेदी युग

(C) छायावाद **(D)** प्रयोगवाद

21. ''सजनी ससि में समसील उभै'' पंक्ति में अलंकार है –

(A) उपमा **(B)** रूपक

(C) अनुप्रास **(D)** उत्प्रेक्षा

22. अपने विवाह के समय गाँधी जी कहाँ पढ़ते थे?

(A) प्राथमिक स्कूल में **(B)** हाई स्कूल में

(C) कॉलेज में **(D)** विदेश में

23. ''जाके प्रिय न राम वैदेही'' पंक्ति किस कवि की है?

(A) तुलसीदास **(B)** केशवदास

(C) रहीमदास **(D)** कबीर

24. साखी, सबद, रमैनी किस कृति के भाग हैं?

(A) रामचरितमानस **(B)** बीजक

(C) पद्मावत **(D)** सूरपदावली

25. ''अरूण यह मधुमय देश हमारा'' गीत किस नाटक से लिया गया है?

(A) आधे–अधूरे **(B)** चंद्रगुप्त

(C) स्कंदगुप्त **(D)** विशाख

26. उत्पत्ति की दृष्टि से ''संध्या'' किस प्रकार का शब्द है?

(A) तत्सम **(B)** तद्भव

(C) देशज **(D)** रूढ़

27. पहला विश्व हिंदी सम्मेलन कहाँ आयोजित हुआ था?

(A) नागपुर **(B)** दिल्ली

(C) फ़िजी **(D)** मॉरीशस

28. यू.एन.ओ. में हिंदी में भाषण देने वाले राजनेता थे –

(A) अटल बिहारी वाजपेयी **(B)** मनमोहन सिंह

(C) धर्मेन्द प्रधान **(D)** शिवराज सिंह

29. संघ की राजभाषा हिंदी होगी, यह किस अनुच्छेद में निर्धारित किया गया है?

(A) 343(1) **(B)** 343(5)

(C) 343(2) **(D)** 343(6)

30. 'आकाशदीप' कहानी है –

(A) वातावरण प्रधान **(B)** समस्या प्रधान

(C) राजनीतिक प्रधान **(D)** ग्रामीण प्रधान

31. ''फोर्ट विलियम कॉलेज'' के संस्थापक थे –

(A) सदल मिश्र **(B)** जॉर्ज गिलक्राइस्ट

(C) गोविन्द देव **(D)** लल्लू लाल

32. राजभाषा आयोग का गठन कब किया गया?

(A) सन् 1949 **(B)** सन् 1950

(C) सन् 1955 **(D)** सन् 1960

33. 'YEARLY' शब्द का अर्थ होता है –

(A) सभापति **(B)** मासिक

(C) पाक्षिक **(D)** वार्षिक

34. ताराप्रकाश जोशी का जन्म स्थान है –

(A) बीकानेर **(B)** जोधपुर

(C) सीकर **(D)** अजमेर

35. ''बिनु पद चलई, सुनइ बिनु काना'' पंक्ति में अलंकार है –

(A) अनुप्रास **(B)** संदेह

(C) विभावना **(D)** काव्यलिंग

36. ''सधुक्कड़ी भाषा'' का संबंध किस कवि से है?

(A) तुलसीदास **(B)** रैदास

(C) कबीर **(D)** रसखान

37. भक्ति आंदोलन का उद्‌भव कहाँ हुआ था?

(A) उत्तरी भारत में **(B)** दक्षिण भारत में

(C) पूर्वी भारत में **(D)** मध्य भारत में

38. ''वीरता का विकास नाना प्रकार से होता है'' यह पंक्ति किस निबंध की है?

(A) सच्चा वीर **(B)** सच्ची वीरता

(C) कायर पुरुष **(D)** वीरांगना

39. मीरा की भक्ति भावना किस प्रकार की है?

(A) निर्गुण **(B)** माधुर्य

(C) मातृत्व **(D)** सहोदर

40. निम्नलिखित में से कौनसा अश्व का पर्यायवाची नहीं है?

(A) केसरी **(B)** तुरंग

(C) हय **(D)** सैंधव

41. जायसी कृत ''पद्मावत'' की भाषा है –

(A) अवधी **(B)** ब्रज

(C) मैथिली **(D)** खड़ी बोली

42. ''कीर्तिलता'' के रचनाकार हैं –

(A) विद्यापति **(B)** सेनापति

(C) मुल्ला दाउद **(D)** कुतुबन

43. ''चुगली करना'' पंक्ति के लिए उपयुक्त मुहावरा है –

(A) नाक कटना **(B)** मुँह की खाना

(C) कान भरना **(D)** उल्लू बनाना

44. निम्नलिखित में से तुर्की शब्द है –

(A) चाकू **(B)** जिगर

(C) परदा **(D)** पीपा

45. 'अनुपम' शब्द का अर्थ है –

(A) उपमा से रहित **(B)** ज्ञान से रहित

(C) ज्ञान सहित **(D)** रीति रहित

46. 'उदन्त मार्तण्ड' का प्रकाशन कहाँ से हुआ था?

(A) दिल्ली **(B)** लखनऊ

(C) कोलकाता **(D)** पटना

47. 'परमाल रासो' के रचयिता हैं –

(A) जगनिक **(B)** चंदबरदाई

(C) दलपति विजय **(D)** नरपति नाल्ह

48. मीरा का विवाह किस राजकुमार के साथ हुआ था?

(A) उदय सिंह **(B)** दूदा राव

(C) भोजराज **(D)** विक्रम सिंह

49. कौनसी रचना तुलसीदास की नहीं है?

(A) कृष्ण गीतावली **(B)** दोहावली

(C) विनयपत्रिका **(D)** रामचंद्रिका

50. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के निबंध किस नाम से संगृहीत हैं?

(A) चिंतामणि **(B)** नीलमणि

(C) हिंदी साहित्य की भूमिका **(D)** मेरे निबंध

51. आचार्य नरेन्द्र देव की अध्यक्षता में समिति (देवनागरी लिपि सुधार) का गठन कब हुआ?

(A) 1952 **(B)** 1945

(C) 1947 **(D)** 1949

52. प्रसाद जी का प्रथम काव्य संग्रह माना जाता था –

(A) ग्रंथि **(B)** चित्राधार

(C) आँसू **(D)** इरावती

53. गीतिकाव्य होता है –

(A) व्यक्ति प्रधान **(B)** संगीत प्रधान

(C) भाव प्रधान **(D)** सभी विकल्प सही हैं

54. ''ब्रज भाषा'' का ''स्वर्ण काल'' किस काल को कहा जाता है?

(A) आदिकाल **(B)** भक्तिकाल

(C) रीतिकाल **(D)** आधुनिक काल

55. मीरा का देहान्त हुआ था –

(A) संवत् 1610 **(B)** संवत् 1603

(C) संवत् 1593 **(D)** संवत् 1910

56. मीरा के पदों की भाषा है –

(A) राजस्थानी **(B)** ब्रजभाषा

(C) अवधी **(D)** खड़ी भाषा

57. ''वीरों का जीवन प्रकृति का अनमोल खजाना होता है।'' यह पंक्ति किस अध्याय से उद्धृत है?

(A) आकाशदीप **(B)** सुभद्रा

(C) सच्ची वीरता **(D)** बड़े घर की बेटी

58. ''आचरण की सभ्यता'' किस विधा की रचना है?

(A) कहानी **(B)** निबंध

(C) रेखाचित्र **(D)** संस्मरण

59. निम्न में से ताराप्रकाश जोशी का काव्य संग्रह नहीं है –

(A) कल्पना के स्वर **(B)** जलते अक्षर

(C) नीहार **(D)** समाधि के प्रश्न

60. सच्चे वीर पुरुष होते हैं –

(A) धीर **(B)** गंभीर

(C) आज़ाद **(D)** सभी विकल्प सही हैं

61. ''संतों भाई आई ग्यान की आँधी'' पंक्ति के रचयिता हैं –

(A) सरहपा **(B)** कबीर

(C) तुलसीदास **(D)** रहीमदास

62. ''यह संसार ऐसा है, जैसा सेमल फूल'' पंक्ति में कौनसा अलंकार है?

(A) उपमा **(B)** यमक

(C) श्लेष **(D)** उत्प्रेक्षा

63. महात्मा गाँधी का जन्म स्थान है –

(A) नागपुर **(B)** वर्धा

(C) पोरबंदर **(D)** दमन

64. निम्नलिखित में से देशज शब्द है –

(A) खिड़की **(B)** अग्नि

(C) आम्र **(D)** पतलून

65. ''आकाशदीप'' कहानी का प्रमुख पात्र है –

(A) नरवर्मन **(B)** ममता

(C) मनोहर **(D)** बुद्धगुप्त

66. हिंदी साहित्य का स्वर्णिम काल कहा जाता है –

(A) भक्तिकाल **(B)** आदिकाल

(C) रीतिकाल **(D)** आधुनिक काल

67. प्रसाद जी का अपूर्ण उपन्यास कौनसा है?

(A) इरावती **(B)** कंकाल

(C) तितली **(D)** सत्यवती

68. विश्व में प्रचलित लिपियों में कौनसी लिपि सबसे अधिक वैज्ञानिक है?

(A) रोमन **(B)** देवनागरी

(C) उर्दू **(D)** यूनानी

69. महादेवी वर्मा का संबंध किस वाद से है?

(A) छायावाद **(B)** प्रयोगवाद

(C) प्रगतिवाद **(D)** हालावाद

70. तुलसीदास का कौनसा ग्रंथ भक्तों का कंठाहार है?

(A) दोहावली **(B)** विनयपत्रिका

(C) जानकी मंगल **(D)** कवितावली

71. निम्नलिखित में से किसके साथ तुलसीदास का विवाह हुआ था?

(A) रत्नावली **(B)** कमलावती

(C) कवितावली **(D)** दोहावली

72. ''चंपा'' किस कहानी की पात्र है?

(A) आकाशदीप **(B)** बड़े घर की बेटी

(C) कफ़न **(D)** घीसा

73. 'उलटबाँसी' किस संत कवि की विशेषताएँ हैं?

(A) जायसी **(B)** कुतुबन

(C) रहीम **(D)** कबीर

74. ''संदेश रासक'' किस काल की रचना है?

(A) भक्तिकाल **(B)** रीतिकाल

(C) आदिकाल **(D)** आधुनिक काल

75. ''निबंध'' किस प्रकार की विधा है?

(A) गद्य **(B)** पद्य

(C) गीतिकाव्य **(D)** चंपू काव्य

76. मीराबाई के पिताजी का नाम था –

(A) उदय सिंह **(B)** राव जोधा

(C) राव दूदा **(D)** रतन सिंह

77. ''भज मन चरण–कँवल अविनासी'' पंक्ति में चरण–कँवल में कौनसा अलंकार है?

(A) रूपक **(B)** श्लेष

(C) अनुप्रास **(D)** उत्प्रेक्षा

78. ''वरदंत की पंगति कुंदकली'' पद में किसका महिमा मंडन किया गया है?

(A) श्रीकृष्ण **(B)** श्रीराम

(C) सीता माता **(D)** लक्ष्मण

79. गाँधी जी की आत्मकथा मूल रूप से किस भाषा में लिखी गई थी?

(A) मराठी **(B)** राजस्थानी

(C) अंग्रेजी **(D)** गुजराती

80. किस भाषा को पिंगल नाम से भी जाना जाता है?

(A) अवधी **(B)** ब्रज

(C) राजस्थानी **(D)** हिंदी

81. खड़ी बोली गद्य की प्रथम रचना किस कवि ने की?

(A) पद्माकर **(B)** गंग

(C) रहीम **(D)** रसखान

82. छायावाद का प्रारंभ कब से माना जाता है?

(A) 1935–36 **(B)** 1918–19

(C) 1909–10 **(D)** 1876–77

83. ''नासिकेतोपाख्यान'' की रचना कब हुई?

(A) 1800 ई. **(B)** 1805 ई.

(C) 1810 ई. **(D)** 1803 ई.

84. ''आत्मकथा'' से संबंधित अन्य विधा है –

(A) संस्मरण **(B)** जीवनी

(C) रेखाचित्र **(D)** उपन्यास

85. गोस्वामी तुलसीदास का जन्म स्थान है –

(A) इटावा **(B)** राजापुर

(C) कोल्हापुर **(D)** बनारस

86. कौनसा विकल्प ''रजनी'' का विकल्प होगा?

(A) रात्रि **(B)** सजनी

(C) तर्जनी **(D)** करधनी

87. 'आकाशदीप' कहानी में बंदी पुरुष का नाम है –

(A) बुद्धगुप्त **(B)** चंद्रगुप्त

(C) स्कंदगुप्त **(D)** चंपा

88. 'भारत–भारती' के लेखक हैं –

(A) रामधारी सिंह 'दिनकर' **(B)** सियारामशरण गुप्त

(C) मैथिलीशरण गुप्त **(D)** पं. रामनाथ गुप्त

89. ''वीरता'' का आधार भाव क्या है?

(A) उत्साह **(B)** कायरता

(C) आतंक **(D)** प्रेम

90. सरदार पूर्ण सिंह पेशे से क्या थे?

(A) चिकित्सक **(B)** अध्यापक

(C) वकील **(D)** लिपिक

91. 'ब्राह्मण पत्रिका' के संपादक हैं –

(A) शिवप्रसाद **(B)** लक्ष्मण सिंह

(C) बालमुकुंद गुप्त **(D)** प्रताप नारायण मिश्र

92. ''जिसकी लाठी उसकी भैंस'' लोकोक्ति का अर्थ है –

(A) निरक्षर होना **(B)** बल प्रधान है

(C) गुण के विपरीत **(D)** अकेला आदमी कुछ नहीं कर सकता

93. महादेवी वर्मा का जन्म स्थान है –

(A) अहमदाबाद **(B)** इन्दौर

(C) फ़र्रुख़ाबाद **(D)** इलाहाबाद

94. ''सुभद्रा'' संस्मरण के आधार पर बताइए लेखक और सुभद्रा के बीच कैसा संबंध था?

(A) गुरु–शिष्य का **(B)** मालिक का

(C) मित्रता का **(D)** पड़ोसी का

95. गाँधी जी को प्यार से क्या कहा जाता था?

(A) बापू **(B)** वकील साहब

(C) राष्ट्रपिता **(D)** महात्मा

96. ''सुभद्रा'' किस प्रकार की रचना है?

(A) रेखाचित्र **(B)** संस्मरण

(C) कहानी **(D)** जीवनी

97. 'उक्ति व्यक्ति प्रकरणम्' किस कवि की रचना है?

(A) पं. दामोदर **(B)** जगनिक

(C) गोरखनाथ **(D)** भिखारी दास

98. ''श्रद्धा सर्ग'' किस कृति का अंश है?

(A) कामायनी **(B)** साकेत

(C) आकाशदीप **(D)** आँसू

99. सिद्ध साहित्य के प्रथम कवि हैं –

(A) कण्हपा **(B)** शबरपा

(C) सरहपा **(D)** लुईपा

100. ''सत्य के प्रयोग'' किस प्रकार की रचना है?

(A) जीवनी **(B)** आत्मकथा

(C) रेखाचित्र **(D)** कहानी

Space for Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह

4. Four alternative answers are mentioned for each question as (A), (B), (C) and (D) in the Question Booklet. The candidate has to choose the most appropriate answer and mark the same in the **OMR Answer-Sheet** as per the direction :

For Example :

Question :

1. Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ
2. Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ

Illegible answers with cutting and overwriting will be cancelled.

5. In case the candidate does not fill the appropriate circle in the **Answer-Sheet** and leaves blank, 'Zero' mark will be given.
6. The candidate has to mark the answers carefully on the **OMR Answer-Sheet** with black or blue ball point pen only as per direction.
7. Strict directions are hereby given to the examinee to refrain from correction of their earlier marked answer in **OMR** by rubbing or scratching or using **white fluid**. In case of violation of this instruction, examinee's result may not be processed or the examinee may be declared disqualified in the exam.
8. **The examinee shall hand over OMR Answer-Sheet to the invigilator and can take carbon copy of the OMR Answer-Sheet and Question Booklet with himself.**
9. Write your Scholar Number and other required details in the space provided on the title page of the Question Booklet and on the **OMR Answer-Sheet** with ink pen or ball pen. **Do not use lead pencil.**
10. To bring and use log-book, calculator, pager and cellular phone in examination hall is prohibited.

4. प्रश्न–पुस्तिका में प्रत्येक प्रश्न के चार सम्भावित उत्तर हैं– (A), (B), (C) और (D)। परीक्षार्थी उन चारों विकल्पों में से एक सही उत्तर का चयन कर उसे **OMR उत्तर–पत्रक** में निर्देशानुसार चिह्नित करें। उत्तर को उत्तर–पत्रक में संबंधित प्रश्न संख्या में निम्न प्रकार भरना है :

उदाहरणार्थ :

प्रश्न :

1. Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ
2. Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ

अपठित उत्तर या ऐसे उत्तर जिन्हें काटा या बदला गया है, निरस्त कर दिए जाएंगे।

5. यदि परीक्षार्थी **उत्तर–पत्रक** में उपयुक्त गोले को नहीं भरता है और उत्तर–पत्रक को खाली छोड़ देता है, तो 'शून्य' अंक प्रदान किया जाएगा।
6. अभ्यर्थी को प्रश्नों के उत्तर **OMR उत्तर–पत्रक** पर केवल काले या नीले बॉल प्वाइंट पेन से निर्देशानुसार अंकित करने होंगे।
7. परीक्षार्थी को सख्त निर्देश दिए जाते हैं कि वह अपने **OMR** में पूर्व में दिए गए उत्तर को बदलने के लिए, मिटाने या काटने के लिए **सफेद द्रव** का उपयोग नहीं करेंगे। यदि इस निर्देश की अवहेलना की जाती है तो परीक्षार्थी का परिणाम रोका जा सकता है या उसे परीक्षा में अयोग्य घोषित किया जा सकता है।
8. **परीक्षार्थी को अनिवार्य रूप से परीक्षा भवन छोड़ने से पूर्व OMR उत्तर–पत्रक निरीक्षक के पास जमा करानी होगी तथा OMR उत्तर–पत्रक की कार्बन प्रति तथा प्रश्न–पुस्तिका अपने साथ ले जा सकते हैं।**
9. प्रश्न–पुस्तिका के मुख्यपृष्ठ पर तथा **OMR उत्तर–पत्रक** पर निर्धारित स्थान में स्कॉलर संख्या तथा अन्य विवरण इंक पेन या बॉल प्वाइंट पेन से ही भरें। **पेन्सिल का प्रयोग न करें।**
10. परीक्षा कक्ष में लॉग–बुक, कैल्कुलेटर, पेजर तथा सैल्युलर फोन ले जाना तथा उसका उपयोग करना वर्जित है।